**27-10-2022**

# प्लास्टिक प्रदूषण दूर करने को आरके मिशन के साथ मिलकर जागरूकता फैलायेगा एनएसआई



**स्वामी आत्मश्रद्धानंद को थैले देते निदेशक प्रो.नरेन्द्र मोहन।**

कानपुर, 26 अक्टूबर। प्लास्टिक प्रदूषण को दूर करने के लिए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान अब आर के मिशन (राम कृष्ण मिशन) के साथ मिलकर जागरूकता फैलाएगा। संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने स्वामी आत्मश्रद्धानंद से कानपुर आश्रम में मुलाकात कर अभियान को आगे बढ़ाने की रूपरेखा तैयार की। निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि संस्थान की ओर से आरके मिशन आश्रम को प्लास्टिक का उपयोग नहीं शीर्षक वाले 100 से अधिक बैग सौंपे गए हैं। आरके मिशन स्कूलों के माध्यम से छात्रों को पॉलीथीन व प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही, आश्रम में संस्था के अनुयायियों को भी प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ दिलाई जाएगी। प्रो. मोहन ने बताया कि आश्रम में संचालित किए जा रहे औषधालय के लिए विभिन्न प्रकार के कचरे के कूड़ेदान, सफाई सामग्री व कीटाणुनाशक भी प्रदान किया गया है। स्वामी आत्मश्रद्धानंद ने प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने के लिए पूर्ण मदद करने का आश्वासन दिया।


उत्तर म

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः 22/73
दिनांकः 21.10.2022

ई-प्रापण नि

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सा
एस.ओ.9001:2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखि

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त वि |
|---|---|---|
| 1 | 40221182 सी | पोलीमाइड कवर्ड काप |
| 2 | 80201244-ए | प्रिंटिंग एन्ड सप्लाई आ रिजर्वेशन टिकट |
| 3 | 30221508 सी | टॉप साईड बियरर ला |

नोट : उपरोक्त सभी ई-प्रापण निवि
https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
North central railways | www.ncr.indianrailway

उत्तर म

अधिसूचना

उत्तर मध्य रेल झाँसी मण्डल के इंज
के वरिष्ठ अनुभाग अभियन्ता तथ
सेवा निवृत्त हुये कर्मचारियों को म
हेतु मासिक पारिश्रमिक आधार प

उत्तर मध्य रेल झाँसी मण्डल के इंजी
वरिष्ठ अनुभाग अभियन्ता तथा कार्या
हुये रेल कर्मचारियों को मासिक पारि
में एक वर्ष के लिए हायरिंग पर कार्य व
समय- 17:00 बजे तक आमन्त्रित वि
सीमा दिनांक 25.10.2022 को 64 व
का विवरण निम्नानुसार दर्शाया गया है

क्रमांक | विभाग


# एनएसआई की टीम ने 'प्लास्टिक का उपयोग नहीं' शीर्षक वाले बैग दिए



**कानपुर।** प्लास्टिक प्रदूषण को दूर करने के अभियान के तहत बुधवार को नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट की टीम ने रामकृष्ण मिशन आश्रम में 'प्लास्टिक का उपयोग नहीं' वाक्य लिखे कपड़े के बैग स्वामी आत्म श्रद्धानंद को सौंपे। इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने कहा कि मिशन के देश भर में पांच सौ से अधिक स्कूल संचालित हो रहे हैं। छात्रों में प्लास्टिक प्रदूषण को लेकर जागरुकता पैदा की जानी चाहिए। आश्रम के अनुयायी इस अभियान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। आश्रम के बैनर तले संचालित औषधालय से निकलने वाले विभिन्न प्रकार के कचरे को रखने के लिए कूड़ेदान, सफाई सामग्री और कीटाणुनाशक दिए। इस मौके पर अभियान के नोडल अधिकारी अशोक गर्ग मौजूद रहे। (ब्यूरो)



राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक नरेन्द्र मोहन ने आरके नगर स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम पहुंचकर स्वाती आत्मश्रद्धानन्द से मुलाकात की और उन्हें प्लास्टिक का उपयोग नहीं शीर्षक लिखे बैग सौंपकर अभियान में उनका सहयोग मांगा ● संस्थान

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाएंगे अभियान

कानपुरः प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआइ) अब आरके मिशन के साथ मिलकर अभियान चलाएगा। बुधवार को एनएसआइ निदेशक नरेन्द्र मोहन की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने आरके नगर स्थित रामकृष्ण मिशन के आश्रम में स्वामी आत्मश्रद्धानन्द से मुलाकात की। निदेशक नरेन्द्र ने उन्हें प्लास्टिक का उपयोग नहीं शीर्षक लिखे सौ से अधिक बैग सौंपे। उन्होंने मिशन द्वारा देश भर में संचालित 500 से अधिक स्कूलों में विद्यार्थियों को प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में जागरूक करने पर जोर दिया। नोडल अधिकारी अशोक गर्ग व अन्य अधिकारी रहे। (वि.)

# आरके मिशन के सहयोग से प्रदूषण से लड़ेगा एनएसआई

कानपुर (एसएनबी)। प्लास्टिक प्रदूषण दूर करने के लिये राष्ट्रीय शर्करा संस्थान ने राम कृष्ण मिशन स्कूल से हाथ मिलाया है। इस सम्बंध में बुधवार को शर्करा संस्थान के अधिकारियों ने राम कृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी आत्मश्रद्धानंद से मुलाकात कर इस सम्बंध में अभियान शुरू करने पर सहमति बनायी।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक प्रो. नरेन्द्र मोहन व अन्य अधिकारियों ने स्पेशल कैम्पेन 2 की क गतिविधि के रूप में रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी आत्मश्रद्धानंद से मुलाकात की। इस द्रौरान प्रो.नरेन्द्र मोहन ने स्वामी आत्मश्रद्धानंद को 'प्लास्टिक का उपयोग नहीं' स्लोगन लिखे सौ से अधिक बैग सौंपे और आग्रह किया कि मिशन संचालित 500 से अधिक स्कूलों में प्लास्टिक प्रदूषण के सम्बंध में जागरूकता पैदा की जानी चाहिये। इसके अलावा देश के विभिन्न हिस्सों में संचालित राम कृष्ण मिशन आश्रमों में आने वाले अनुयायियों के बीच भी इस अभियान को चलाने और उनके जरिये लोगों में प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता पैदा करने को कहा। इस दौरान शर्करा संस्थान ने आश्रम द्वारा संचालित औषधालय के लिये विभिन्न प्रकार के कूड़ेदान, सफाई सामग्री और कीटाणुनाशक भी प्रदान किये गये। शर्करा संस्थान में स्वच्छता कार्य योजना के नोडल अधिकारी अशोक गर्ग ने आश्रम को भविष्य में कर्मचारियों और छात्रों के लिये निरंतर समर्थन और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया। वहीं स्वामी आत्मश्रद्धानंद ने राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के प्रति आभार प्रकट करते हुए प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने और उसके स्थान पर पर्यावरण अनुकूल उत्पादों का उपयोग करने के संदेश को फैलाने में हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।



स्वामी आत्मा श्रद्धानंद को बैग भेंट करते निदेशक प्रो. नरेन्द्र मोहन।